भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**
तारांकित प्रश्न संख्या **168***

जिसका उत्तर शुक्रवार, 6 दिसंबर, 2024/15 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**डीएपी की कमी**

**168*. श्री धर्मेन्द्र यादव:**
**श्रीमती भारती पारधी:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या डाइ-अमोनियम (डीएपी) में 46 प्रतिशत फॉस्फोरस होता है, जो फसलों की जड़ और विकास के लिए आवश्यक प्रमुख पोषक तत्व है;
(ख) यदि हां, तो क्या देशभर में किसानों को बुआई के समय डीएपी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, यदि हां, तो उसके कारणों सहित ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या डीएपी के सुचारु वितरण के लिए कुछ वितरण केंद्रों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को तैनात करना पड़ा;
(घ) यदि हां, तो विशेषत: उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के संबंध में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड.) क्या सरकार ने रबी (सर्दी-वसंत) मौसम के दौरान 60 लाख टन की मांग का अनुमान लगाया है; और
(च) यदि हां, तो क्या एजेंसियां अनुशंसित स्टॉक की मध्य अक्तूबर और मध्य दिसंबर के बीच उपलब्धता सुनिश्चित करने में विफल रहीं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

**उत्तर**

**रसायन और उर्वरक तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री**
**(श्री जगत प्रकाश नड्डा)**

---

**(क) से (च):** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*******

**“डीएपी की कमी” के संबंध में श्री धर्मेन्द्र यादव एवं श्रीमती भारती पारधी द्वारा दिनांक 06.12.2024 को पूछे गए लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 168* के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

*******

**(क):** जी, हां।

**(ख) से (च):** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आकलन के अनुसार, चालू रबी मौसम 2024-25 के लिए देश में डीएपी की आवश्यकता 52.05 एलएमटी है। 01.10.2024 से 03.12.2024 की अवधि के लिए 35.52 एलएमटी की यथानुपात आवश्यकता के लिए, राज्यों को 38.27 एलएमटी डीएपी उपलब्ध कराया गया है। इसके अतिरिक्त, उक्त अवधि के दौरान डीएपी की बिक्री 29.22 एलएमटी है और राज्यों के पास 9.05 एलएमटी डीएपी का अंतिम स्टॉक है।

इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश राज्य में डीएपी की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और खपत **अनुलग्नक** में दी गई है। फील्ड स्तर पर आवश्यकता को पूरा करने के लिए राज्य के अंदर उर्वरकों का वितरण संबंधित राज्य द्वारा किया जा रहा है।

*******

**अनुलग्नक**

**यह अनुलग्नक दिनांक 06.12.2024 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं.168* के भाग (ख) से (च) से संबंधित है।**

<आंकड़े एलएमटी में>

| **क्र. सं.** | **राज्य** | **रबी 2024-25 की मौसम संबंधी आवश्यकता** | **01.10.24 से 04.12.24 तक यथानुपात आवश्यकता** | **01.10.24 से 04.12.24 तक उपलब्ध कराई गई** | **01.10.24 से 04.12.24 तक डीबीटी बिक्री** | **04.12.24 तक अंतिम स्टॉक** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मध्य प्रदेश | 8.00 | 5.91 | 5.24 | 4.09 | 1.15 |
| 2 | उत्तर प्रदेश | 15.00 | 11.29 | 10.20 | 8.55 | 1.65 |

नोट: जैसाकि ऊपर बताया गया है बिक्री उपलब्धता से कम है और इन राज्यों में अंतिम स्टॉक उपलब्ध है।

*******